अनुलग्नक–3

**बोर्ड की वर्ष 2017–18 की रिपोर्ट में शामिल किए जाने के लिए कारपोरेट सामाजिक दायित्व सम्बन्धी गतिविधियों पर वार्षिक रिपोर्ट**

1. **चलाई जाने वाली प्रस्तावित समग्र परियोजनाओं या कार्यक्रमों के संक्षिप्त विवरण सहित कारपोरेट सामाजिक दायित्वों के सम्बन्ध में कम्पनी की नीति और कारपोरेट सामाजिक दायित्वों के सम्बन्ध में नीति और परियोजनाओं या कार्यक्रमों के लिए वेब–लिंक का सन्दर्भ**

कम्पनी, अपने हितधारकों के हितों को ध्यान में रखते हुए, आर्थिक, सामाजिक एवं पर्यावरणीय दृष्टि से अपने कारपोरेट सामाजिक दायित्वों के सतत् प्रचालन के लिए वचनबद्ध है। यह वचनबद्धता वैधानिक दायित्वों से हटकर है। अतः, कारपोरेट सामाजिक दायित्व, सतत् विकास से गहन रूप से जुड़े हुए हैं। कारपोरेट सामाजिक दायित्वों का विस्तार परोपकारी गतिविधियों से भी बढ़कर किया गया है और इनकी पहुंच सामाजिक एवं व्यावसायिक लक्ष्यों के एकीकरण तक है। दीर्घकाल में, इन गतिविधियों को सतत् प्रतिस्पर्धी लाभ सुनिश्चित करने वाली गतिविधियों के रूप में देखे जाने की आवश्यकता है। कम्पनी सन् 2007 से कारपोरेट सामाजिक दायित्व गतिविधियों से जुड़ी हुई है।

**कम्पनी की कारपोरेट सामाजिक दायित्व की नीति निम्नलिखित सिद्धान्तों पर आधारित है:**

- पीडीआईएल ने कारपोरेट सामाजिक दायित्वों को अपने व्यवसाय के संचालन के रूप में अपनाया है और इससे कम्पनी, नैतिक प्रणालियों तथा सतत् प्रबन्धन प्रथाओं के कार्यान्वयन और एकीकरण के माध्यम से, अपने हितधारकों की बेहतरी के लिए धन के सृजन और वितरण में सक्षम हो पाई है।
- कारपोरेट सामाजिक दायित्वों और सतत् गतिविधियों का कार्यान्वयन करते समय, पीडीआईएल, व्यवसाय प्रचालन और गतिविधियों में, ऊपर से नीचे और नीचे से ऊपर के स्तर के सभी कार्मिकों की सक्रिय भागीदारी के प्रति वचनबद्ध रही है।
- पीडीआईएल, समुचित प्रबन्धन के कार्यान्वयन और कार्यक्रमों के अल्पीकरण के माध्यम से जैव–विविधता, पर्यावरणीय संवेदनशीलता, भूमि के उपयोग एवं स्थल का उपचार करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि अपने व्यवसाय प्रचालनों के पूरे जीवन–काल में पर्यावरणीय संरक्षा, आर्थिक एवं सामाजिक–राजनीतिक निरन्तरता बनाए रखना सुनिश्चित किया जा सके।
- पीडीआईएल ने अपने प्रचालन स्थलों पर सदैव मौलिक मानवाधिकारों की संरक्षा करने और उन्हे बढ़ावा देने

ANNEXURE-3

**THE ANNUAL REPORT ON CSR ACTIVITIES TO BE INCLUDED IN THE BOARD'S REPORT FOR THE YEAR 2017-18**

1. **Company's CSR policy, including overview of projects or programs proposed to be undertaken and a reference to the web-link to the CSR policy and projects or programs.**

Corporate Social Responsibility is a Company's commitment to operate in an economically, socially and environmentally sustainable manner, while recognizing the interests of its stakeholders. This commitment is beyond statutory requirements. Corporate Social Responsibility is, therefore, closely linked with the practice of Sustainable Development. Corporate Social Responsibility extends beyond philanthropic activities and reaches out to the integration of social and business goals. These activities need to be seen as those which would, in the long term, help secure a sustainable competitive advantage. The company is doing CSR activity since the year 2007.

**The CSR policy of company is based on following principles:**

- PDIL recognizes Corporate Social Responsibility (CSR) as a way of conducting business, which enables the creation and distribution of wealth for the betterment of its stakeholders, through the implementation and integration of ethical systems and sustainable management practices.
- While implementing CSR & Sustainable activities, PDIL is committed towards the active involvement of all employees, Top to Bottom and Bottom to Top, engaged in diverse business operations and activities.
- PDIL is committed towards the management of biodiversity, sensitive environments, land use and site remediation through the implementation of appropriate management and mitigation programmes to ensure environmental protection, economic and socio-political sustainability throughout the life cycle of our business operation.
- PDIL shall continue to strive to uphold and promote fundamental human rights, as well as the traditional rights of indigenous host cultures and their heritage in

के साथ–साथ वहां के क्षेत्रों की सांस्कृतिक धरोहर के परम्परागत अधिकारों को परिपुष्ट किया है और उनका संवर्धन भी किया है, ताकि, अपने निकट पीडीआईएल जैसे संस्थान की उपस्थिति से समाज स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर सके।

- पीडीआईएल एक उत्तरदायी कारपोरेट कम्पनी के रूप में, अपने कारपोरेट सामाजिक दायित्वों एवं सतत् गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए वार्षिक रिपोर्ट देगी और निरन्तर प्रयत्नशील रहेगी।

पीडीआईएल में निदेशक मंडल के स्तर पर एक समिति गठित की गई है, जो कारपोरेट सामाजिक दायित्वों के अन्तर्गत किए जाने वाले कार्यों कर अभिनिर्धारण और उनका निष्पादन कम्पनी की कारपोरेट सामाजिक दायित्व नीति के अनुसार सुनिश्चित करती है। कारपोरेट सामाजिक दायित्वों के तहत चलाई जाने वाली सभी गतिविधियों का अनुमोदन निदेशक मंडल द्वारा किया जाता है।

**वित्त वर्ष के दौरान आरम्भ की गई परियोजनाओं का संक्षिप्त विवरण :**

शून्य

2. **कारपोरेट सामाजिक दायित्व समिति की संरचना:**

**i)** अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक / निदेशक (वित्त) ....................अध्यक्ष

**ii)** श्री डी.पी.श्रीवास्तव, निदेशक..........................................सदस्य

**iii)** प्रो0 (डॉ0) कुणाल घोष, निदेशक...............................सदस्य

**iv)** श्री सी.एन. भोजराज, निदेशक.......................................सदस्य

3. **विगत तीन वित्त वर्षों के दौरान कम्पनी का निबल औसत लाभ:**

शून्य

4. कारपोरेट सामाजिक दायित्व हेतु निर्धारित किया गया व्यय (मद 3 में दी गई राशि का दो प्रतिशत )

शून्य

5. वित्तवर्ष के दौरान, कारपोरेट सामाजिक दायित्व पर किए गए खर्च का विवरण ( पिछले वर्ष की परियोजना की तुलना में)

(क) वित्त वर्ष के दौरान खर्च की जाने वाली कुल राशि : शून्य

(ख) खर्च न की गई राशि, यदि कोई है : शून्य

areas where it operates so that the society feels proud to have an organization like PDIL as their neighbours.

- PDIL shall review, annually report and continuously strive to enhance our CSR & sustainability activities as a responsible corporate entity.

PDIL has a Board Level Committee, which decides the activities to be taken up under CSR and ensures its execution as per the CSR policy. All the activities under CSR are approved by Board of Directors.

**The brief description of projects undertaken during Financial Year:**

NIL

**2. The composition of the CSR Committee.**

**i)** CMD/D(F) ...........Chairman

ii) Shri DP Srivastava, Director ...........Member

iii) Prof. (Dr) Kunal Ghosh, Director ...........Member

iv) Shri CN Bhojaraj, Director ...........Member

3. Average Net Profit of the company for last three financial years

NIL

4. Prescribed CSR Expenditure (two percent of the amount as in item 3 above)

NIL

5. Details of CSR spent (against the previous year project) during the financial year.

(a) Total amount to be spent for the financial year;

NIL

(b) Amount unspent, if any NIL